**NEWS CLIPPING: 17.07.2021**

**PUNJAB KESARI**

# 5जी प्रौद्योगिकी पर वेबिनार का आयोजन

फरीदाबाद,16 जुलाई (ब्यूरो): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा नेशनल टेलिकॉम इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी रिसर्च इनोवेशन एंड ट्रेनिंग (एनटीआईपीआरआईटी) के सहयोग से भविष्य को लेकर 5जी प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया। इस वेबिनार में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों सहित 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।




*वेबिनार को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार व अन्य।*

इस आयोजन का उद्देश्य 5जी प्रौद्योगिकी, इसके विकास और क्षमताओं, लाभों, ईएमएफ विकिरण और मिथकों, सेवा की गुणवत्ता, नेटवर्क स्लाइसिंग और संभावित उपयोग के मामले के बारे में जागरूकता लाना था। इस अवसर पर एनटीआईपीआरआईटी के वरिष्ठ उप महानिदेशक यू.के. श्रीवास्तव मु य अतिथि और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक लेफ्टिनेंट (रि.) जनरल डॉ. एस.पी. कोचर रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। वेबिनार में ट्राई में सलाहकार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अनिल कुमार भारद्वाज और कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग भी मौजूद थे।

सत्र को संबोधित करते हुए यू.के. श्रीवास्तव ने टेलीकॉम प्रौद्योगिकी के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि मौजूदा समय काफी चुनौतीपूर्ण है और इस चुनौती का सामना हम प्रौद्योगिकी के साथ कर सकते है। डॉ. एस. पी. कोचर ने 2जी, 3जी और 4जी जैसी पिछली तकनीकों के संदर्भ में उन्नत 5जी प्रौद्योगिकी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 5जी प्रौद्योगिकी वर्तमान परिदृश्य को बदल देगा। सत्र के अंत में कुलसचिव डॉ. सुनील कुमार गर्ग ने सभी संसाधन व्यक्तियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद दिया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. कोमल कुमार भाटिया, प्रो. मुनीश वशिष्ठ और प्रो. नीलम तुर्क ने आयोजन को इतना सफल बनाने के लिए आयोजक टीम का धन्यवाद किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. पारुल तोमर और डॉ. सपना गंभीर ने किया।

**NEWS CLIPPING: 17.07.2021**

**PUNJAB KESARI**

# कुलपति ने किया समाचार पत्र 'संचार' के नए अंक का विमोचन

फरीदाबाद, 16 जुलाई (ब्यूरो): मीडिया के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के क युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग (सीएमटी) ने आज अपने इन-हाउस समाचार पत्र 'संचार' का नया अंक जारी किया, जिसे मीडिया के छात्रों द्वारा तैयार किया गया है।

समाचार पत्र के नवीनतम संस्करण का विमोचन आज कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा किया गया। कुलसचिव डॉ. एस.के. गर्ग, लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा और विभाग के संकाय सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस अवसर पर कुलपति ने क युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक की पुस्तक 'सिटीजन जर्नलिज्म' का भी विमोचन किया। प्रो. अतुल मिश्रा ने कुलपति को अवगत कराया कि चार पृष्ठ के समाचार पत्र संचार में विश्वविद्यालय और अन्य समसामयिक मामलों से संबंधित विभिन्न समाचारों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में शामिल किया गया है। समाचार पत्र का संपादन विभाग की संकाय सदस्यों डॉ सोनिया हुड्डा और अलका द्वारा किया गया है जबकि समाचारों का संकलन एवं डिजाइनिंग एमए के विद्यार्थियों द्वारा प्रोडक्शन सहायक रामरस पाल की देखरेख में की गई है।



*समाचार पत्र संचार का विमोचन करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।*

**J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad**
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**
**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**
**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 17.07.2021**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस विश्वविद्यालय में 5जी प्रौद्योगिकी पर वेबिनार



**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा नेशनल टेलिकॉम इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी रिसर्च इनोवेशन एंड ट्रेनिंग (एनटीआईपीआरआईटी) के सहयोग से भविष्य को लेकर 5जी प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया। इस वेबिनार में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों सहित 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। आयोजन का उद्देश्य 5जी प्रौद्योगिकी, इसके विकास और क्षमताओं, लाभों, ईएमएफ विकिरण और मिथकों, सेवा की गुणवत्ता, नेटवर्क स्लाइसिंग और संभावित उपयोग के मामले के बारे में जागरूकता लाना था। एनटीआईपीआरआईटी के वरिष्ठ उप महानिदेशक यूके श्रीवास्तव मुख्य अतिथि और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक लेफ्टिनेंट (रि.) जनरल डॉ. एसपी कोचर रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो.दिनेश कुमार ने की। वेबिनार में ट्राई में सलाहकार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अनिल कुमार भारद्वाज और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी मौजूद थे।

**NEWS CLIPPING: 17.07.2021**

## THE PIONEER

# जेसी बोस में समाचार पत्र 'संचार' के नये अंक का विमोचन

### समाचार पत्र के प्रकाशन में योगदान देने वाले विद्यार्थियों की सराहना की

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**मीडिया** के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने के उद्देश्य से जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग (सीएमटी) ने अपने इन-हाउस समाचार पत्र 'संचार' का नया अंक जारी किया, जिसे मीडिया के छात्रों द्वारा तैयार किया गया है।

समाचार पत्र के नवीनतम संस्करण का विमोचन शुक्रवार को कुलपति प्रो. दिनेश कुमार द्वारा किया गया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा और विभाग के संकाय सदस्य भी उपस्थित थे। कुलपति ने कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक की पुस्तक 'सिटीजन जर्नलिज्म' का भी विमोचन किया। प्रो. अतुल मिश्रा ने कुलपति को अवगत कराया कि चार पृष्ठ के समाचार पत्र संचार में विश्वविद्यालय और अन्य समसामयिक मामलों से संबंधित विभिन्न समाचारों को हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में शामिल किया गया है।

समाचार पत्र का संपादन विभाग की संकाय सदस्यों डॉ. सोनिया हुड्डा और अलका द्वारा किया गया है जबकि समाचारों का संकलन एवं डिजाइनिंग एमए के विद्यार्थियों द्वारा प्रोडक्शन सहायक रामरस पाल की देखरेख में की गई है। समाचार पत्र के प्रकाशन में योगदान देने वाले विद्यार्थियों में प्रिया मलिक, रितु बिष्ट, राघवेंद्र सिंह राणा, रॉबिन सोलंकी, विवेक कुमार सिंह और भूमि कथूरिया शामिल हैं।

प्रो. दिनेश कुमार ने विभाग द्वारा और विशेष रूप से छात्रों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मीडिया अध्ययन के छात्रों को इस तरह की और गतिविधियों में खुद को शामिल करना चाहिए ताकि उन्हें मीडिया उद्योग का वास्तविक अनुभव मिल सके। प्रो. अतुल मिश्रा ने आश्वासन दिया कि विभाग भविष्य में इस तरह की और गतिविधियां संचालित करेगा।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 17.07.2021**

**HINDUSTAN**

# ऑनलाइन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम 26 से

**फरीदाबाद।** जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा 26 से 31 जुलाई, 2021 तक बिग डेटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों पर एक सप्ताह का ऑनलाइन शार्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स (एसटीटीपी) का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित है।कार्यक्रम का संचालन शिक्षा और उद्योग क्षेत्र के जानकार विद्वानों द्वारा किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 17.07.2021**

**HINDUSTAN**

# संचार के नए अंक का विमोचन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के समाचार पत्र संचार के नए अंक का शुक्रवार को कुलपति ने विमोचन किया। यह अंक विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा ही तैयार किया जाता है। कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने बताया कि चार पृष्ठ के समाचार पत्र संचार में विवि और समसामयिक मामलों से संबंधित समाचारों को हिंदी और अंग्रेजी में शामिल किया गया है।

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 17.07.2021**

**HINDUSTAN**

# 5जी प्रौद्योगिकी के विकास और क्षमताओं पर वेबिनार

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

जेसी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा नेशनल टेलिकॉम इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी रिसर्च इनोवेशन एंड ट्रेनिंग के सहयोग से भविष्य को लेकर पांच जी प्रौद्योगिकी पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया। इसका उद्देश्य 5जी प्रौद्योगिकी, इसके विकास व क्षमताओं, लाभों, ईएमएफ विकिरण और मिथकों, सेवा की गुणवत्ता, नेटवर्क स्लाइसिंग और संभावित उपयोग के मामले के बारे में जागरूकता लाना था।

एनटीआईपीआरआईटी के वरिष्ठ उप महानिदेशक यूके. श्रीवास्तव और सेल्युलर ऑपरेटर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के महानिदेशक लेफ्टिनेंट (रि.) जनरल डॉ. एसपी. कोचर रहे। सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की। वेबिनार में ट्राई में सलाहकार (प्रसारण और केबल सेवाएं) अनिल कुमार भारद्वाज और कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग भी मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 17.07.2021**

**THE PIONEER**

## आनलाइन शार्ट टर्म कोर्स 26 जुलाई से

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर विज्ञान विभाग द्वारा 26 से 31 जुलाई, 2021 तक 'बिग डेटा कंप्यूटिंग में उभरते अनुसंधान क्षेत्रों' पर एक सप्ताह का ऑनलाइन शार्ट टर्म ट्रेनिंग कोर्स (एसटीटीपी) का आयोजन करेगा। यह कार्यक्रम एआईसीटीई द्वारा प्रायोजित है। कार्यक्रम का संचालन शिक्षा और उद्योग क्षेत्र के जानकार विद्वानों द्वारा किया जाएगा। एआईसीटीई द्वारा अनुमोदित इंजीनियरिंग कॉलेजों के संकाय सदस्य, शोधार्थी और उद्योग क्षेत्र के पेशेवर कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी प्रदान किये जायेंगे, जिसके लिए उन्हें ट्रेनिंग के आधार पर आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण करनी होगी।

**NEWS CLIPPING: 17.07.2021**

**AMAR UJALA**

# कुलपति ने किया 'संचार' के नए अंक का विमोचन

**फरीदाबाद।** मीडिया के विद्यार्थियों को प्रशिक्षण और व्यावहारिक अनुभव देने के लिए जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कम्युनिकेशन एंड मीडिया टेक्नोलॉजी विभाग ने इन-हाउस समाचार पत्र 'संचार' का नया अंक जारी किया। इसका विमोचन कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने किया। कुलसचिव डॉ. एसके गर्ग, लिबरल आर्ट्स एंड मीडिया स्टडीज के डीन प्रो. अतुल मिश्रा और विभाग के संकाय सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे। इस दौरान सीएमटी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. पवन सिंह मलिक की पुस्तक 'सिटीज़न जर्नलिज्म' का विमोचन किया गया। ब्यूरो

# 5जी प्रौद्योगिकी पर वेबिनार आयोजित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 5जी प्रौद्योगिकी पर वेबिनार आयोजित किया गया। नेशनल टेलिकॉम इंस्टीट्यूट फॉर पॉलिसी रिसर्च इनोवेशन एंड ट्रेनिंग के सहयोग से यह वेबिनार आयोजित किया गया। वेबिनार में विद्यार्थियों, शोधार्थियों और संकाय सदस्यों सहित 250 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ब्यूरो